सं.: जूट (एडमिन.) 99/2021

भारत सरकार/**Government of India**

वस्त्र मंत्रालय/**Ministry of Textiles**

पटसन आयुक्त का कार्यालय/**Office of the Jute Commissioner**

सीजीओ कॉम्प्लेक्स, ई एवं एफ विंग / **CGO Complex, E&F Wing**

साल्टलेक, कोलकाता/**Salt Lake, Kolkata- 700064.**

**पटसन आयुक्त, कोलकाता के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर (अल्पकालिक संविदा सहित) उप निदेशक (विपणन) (समूह 'क' राजपत्रित पद, स्तर 11 में (रु. 57,700-2,08,700/-) के 1 (एक) पद भरना-संबंधित।**

**1. मिश्रित विधि द्वारा: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) / प्रोन्नति:**

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित राज्य क्षेत्रों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्द्ध-सरकारी या स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी:-

(क) (i) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समरूप पद धारण किया हुआ है,

**या**

(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (रु. 56,100-1,77,500/-) या समतुल्य पद पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की है,

**और**

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं, अर्थात्:

(i) अर्थशास्त्र या वाणिज्य या व्यवसाय अध्ययन अथवा सांख्यिकी या गणित मुख्य विषय के रूप में के साथ बैचलर डिग्री और किसी सरकारी संगठन में पटसन विपणन से संबंधित कार्य या सांख्यिकी विश्लेषण और अनुसंधान कार्य में पांच वर्ष का अनुभव रखते हों,

**अथवा**

(ii) अर्थशास्त्र या वाणिज्य या व्यवसाय अध्ययन अथवा सांख्यिकी या गणित में मास्टर डिग्री के साथ किसी सरकारी संगठन में पटसन विपणन से संबंधित कार्य या सांख्यिकी विश्लेषण और अनुसंधान कार्य में तीन वर्ष का अनुभव रखते हों।

**टिप्पण 1:** वेतन मैट्रिक्स रु. 56,100-1,77,500/- में स्तर 10 के ऐसे विभागीय सहायक निदेशक (विपणन), जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है तथा उनके पास प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव हैं उन पर भी बाहर वालों के साथ विचार किया जाएगा और विभागीय अभ्यर्थी के पद पर नियुक्ति के लिए चयन किए जाने की दशा में वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा।

**टिप्पण 2:** फीडर कैटेगरी के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पण 3:** केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित अन्य काडर बाह्य पद पर अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि के साथ अल्पकालिक संविदा के साथ प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पण 4:** अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम उम्र की सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

2. प्रतिनियुक्ति के नियम एवं शर्तें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी प्रतिनियुक्ति के लागू सामान्य नियम एवं शर्तों के अनुसार संचालित/नियंत्रित की जाएगी। पद के लिए सेवा प्रदान करने की स्वेच्छा जता चुके अधिकारी को बाद में अपने नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
3. पात्र अभ्यर्थियों, जिन्हें उनके चयन के बारे में जानकारी की तारीख से एक महीने के अंदर कार्यभार ग्रहण करने के लिए मुक्त किया जा सकता है, के आवेदन (तीन प्रतिलिपियों में) निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-I) में निम्नलिखित दस्तावेज के साथ कार्यालय प्रधान अथवा उनकी ओर से हस्ताक्षर हेतु अधिकृत अधिकारी द्वारा यथावत रूप से सत्यापित/प्रतिहस्ताक्षरित आवेदन काडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा अग्रसारित किया जा सकता है:-

(i) आवेदक के संबंध में काडर मुक्ति प्रमाणपत्र।

(ii) भारत सरकार के अधिकारी, जिनकी पदवी अवर सचिव अथवा समतुल्य पद से नीचे की नहीं होनी चाहिए, द्वारा यथावत रूप से सत्यापित पिछले 5 वर्षों के एपीएआर की नवीनतम स्पष्ट तथा साफ-सुथरी छाया प्रतिलिपि।

(iii) भारत सरकार के अधिकारी, उप सचिव स्तर से नीचे के नहीं, द्वारा हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र।

(iv) सतर्कता मुक्ति प्रमाणपत्र, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ कोई भी अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्रवाई न तो लंबित है और ना ही अपेक्षित है; तथा

(v) एक प्रमाणपत्र, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि पिछले 10 वर्षों के दौरान अभ्यर्थी पर बड़ा/छोटा दंड, यदि कोई हो, दिया गया है अथवा 'कोई दंड नहीं लगाया गया है' प्रमाणपत्र।

**उपरोक्त क्रमांक (iii) से (v) के संबंध में पृथक प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।**

**आवेदन की अंतिम तारीख: 30 सितम्बर, 2026**

(कोई भी संशोधन अथवा अंतिम तारीख में विस्तार इत्यादि सिर्फ वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा)। और अधिक विवरण, परिशिष्टों तथा जीवन वृत्त (प्रारूप) के लिए कृपया वेबसाइट www.jutecomm.gov.in देखें।

टीपू सुल्तान 21/8/26

**टीपू सुल्तान अजहर**
**संयुक्त निदेशक (लागत) एवं कार्यालय प्रधान**
**दूरभाष : (033)-2337-0978**